Hindustan-
New Delhi-17-02-2011 DTU

डीटीयू में ईएनजीई फेस्ट की शुरुआत

नई दिल्ली (का.सं.)। दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) में बुधवार को ईएनजीई फेस्ट की शुरुआत हुई। दो दिनों तक चलने वाले इस वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का उद्घाटन पेंटियम चिप के जनक विनोद धाम ने किया।

गणेश वंदना के साथ फेस्ट की शुरुआत की गई । इस असवर पर वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया गया है। इसकी क्षमता 30 हजार लीटर बताई जा रही है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पी.वी. शर्मा ने बताया कि फेस्ट छात्रों के लिए जहां आनंद प्रदान कर रहा है। वहीं एक शैक्षणिक वातावरण भी प्रदान कर रहा है। डीटीयू तकनीकी शिक्षा और शोध के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम युवा इंजीनियरों और तकनीकी प्रबंधकों से सशक्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि 113 कंपनियों में डीटीयू के 662 छात्रों को नौकरी मिली है। कैंपस को इको-फ्रेंडली बनाने के संबंध में उन्होंने कहा कि कैंपस पानी के लिए आत्मनिर्भर हो गया है। हमारा कर्तव्य बनाता है कि कैंपस को इको-फ्रेंडली बनाने के साथ ऊर्जा की खपत कम कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए।